## आग लगाने का आरोपी गिरफ्तार

**करौली( नि.स. )।** करौली सदर थाना पुलिस ने घर में आग लगाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी मुनीराज से पूछताछ कर रही है। आरोपी ने घर में आग लगाकर घरेलू सामान को जला दिया था। करौली सदर थानाधिकारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि भरतपुर रेंज आईजी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय,सुपरविजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकरलाल और पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम कर रहे हैं। अभियान में स्थाई वारंटी,हार्डकोर अपराधी,आदतन अपराधी,वांटेड अपराधी,आर्म्स एक्ट के अपराधी,इनामी अपराधी, आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की है।

पुलिस ने आरोपी मुनीराम 47 पुत्र ठण्डीराम निवासी धूगढ़ थाना सदर करौली को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी को गुनेसरा मोड़ से डिटेन कर पूछताछ की।

पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल करने के बाद उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी ने गत 11 जुलाई को पीड़िता रेशमा देवी 54 पत्नी राम सिंह निवासी धूगढ़ थाना सदर करौली के घर में घुसकर गाली गलौज कि और घर को आग लगा दी जिसके कारण पीड़िता का घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

# यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की

**करौली( नि.स. )।** करौली शहर में नियमो के तहत वाहन चलाने डग्गेमार वाहनों के खिलाफ कार्यवाही और ऑटो टेंपो में क्षमता से अधिक सवारियां नहीं बैठाने को लेकर यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों कि क्लास ली।

करौली यातायात प्रभारी महावीर प्रसाद ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में शहर कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं आमजन को राहत पहुंचाने कि दृष्टि से यातायात व्यवस्था में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं

इसी कड़ी में यातायात प्रभारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में यातायात पुलिस के जवानों ने शहर के गुलाब बाग, रोडवेज बस स्टैंड सड़क मार्ग, कलेक्ट्रेट सर्किल, शिकारगंज क्षेत्र सहित कई अन्य स्थानों पर ऑटो टेंपो, जीप निजी बस चालक एवं मालिकों से समझाईस करते हुए यातायात नियमों के तहत ही वाहन चलाने की बात कही। उन्होंने ऑटो चालकों की क्लास लेते हुए कहा कि ऑटो चालक अपने ऑटो टेंपो में क्षमता से अधिक सवारीया ना बैठाएं अन्यथा चालान की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों को लाने ले जाने में लगे ऑटो चालक छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखें एवं क्षमता से अधिक और अपनी आगे की ओर बच्चों को नहीं बैठाए। इसके अलावा उन्होंने निजी बसों एवं डग्गेमार वाहनो के चालक और मालिकों से समझाईस करते हुए कहा कि निर्धारित रूट पर ही वाहन चलाएं इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यातायात नियमों के तहत सख्ती से कार्यवाही करेंगे। यातायात प्रभारी महावीर प्रसाद ने बताया कि शहर के गुलाब बाग से हिंडौन गेट कि सड़क पर अवस्थित रूप से लगे फल,सब्जी के ठेले संचालकों से भी समझाईस करते हुए सड़क पर ठेले नहीं लगाने की बात कही है।



यातायात प्रभारी ने वाहन चालको को नियमो के तहत वाहन चलाने को लेकर समझाईस की।

उन्होंने कहा की करौली शहर की यातायात व्यवस्था में बेहतर से बेहतर सुधार के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं वहीं जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी लगातार चालानी कार्यवाही कि जा रही है।

## कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**करौली।** करौली विकास मंच के पदाधिकारीयो ने मुख्यमंत्री के नाम का अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर करौली जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण धार्मिक, प्राकृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की है। करौली विकास मंच के संयोजक बबलू शुक्ला के नेतृत्व में मंत्री धर्मेंद्र शर्मा, ललित हरदैनिया,समाजसेवी नरेंद्र सिंह बैंसला,पूर्व सरपंच अनिल शर्मा, अंबेश पाल सहित कई लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम सौपे ज्ञापन में बताया कि केंद्र सरकार के आशान्वित जिलों कि सूची में करौली जिले का नाम दर्ज है अर्थात करौली जिला पिछड़ा हुआ जिला है।

सुनहरे अतीत में देखें तो आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी कि नगरी करौली धार्मिक,प्राकृतिक,ऐतिहासिक पुरातात्विक धरोहरों से सुसज्जित एवं सांस्कृतिक सभ्यता से ओत-प्रोत पवित्र पावन नगरी के रूप में जानी जाती है। उन्होंने बताया कि करौली जिला प्रदेश एवं देश के मानचित्र पर उभर कर आ सके इस हेतु एक मात्र माध्यम धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन है जिले में पर्यटन स्थल विकसित होने से रोजगार बढ़ने कि प्रबल संभावना होने से धंधे की तलाश में बाहर जाने वाले स्थानीय लोगों का पलायन रुकेगा वर्तमान में पुरानी सुनहरी करौली के दर्शन घोर अंधेरे जैसे हो गए हैं।

## सार-समाचार

### जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

**करौली ( नि.स. )।** करौली में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा भाजपा नेता अशोक पाठक के विरुद्ध सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने कि शिकायत करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। करौली मुस्लिम समाज के लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय को ज्ञापन पेश करते हुए बताया कि अशोक पाठक पुत्र रामेश्वर प्रसाद निवासी हिंडौन सिटी अपनी फेसबुक आईडी के जरिए आए दिन मुसलमानो के धर्म के प्रति घिनौनी प्रतिक्रियाएं करता रहता है तथा एक धर्म विशेष को टारगेट करके आए दिन उल्टी सीधी पोस्ट डालकर सांप्रदायिक माहौल को बिगाड़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि करौली में हिंदू/ मुस्लिम समाज में भाईचारे की मिसाल रही है परंतु अशोक पाठक पूर्व में हिंडौन में इसी तरह की सांप्रदायिक सौहार्दता को बिगाड़ने पर इसके विरुद्ध हिंडौन सिटी थाने में कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं कुछ दिन पूर्व भी अशोक पाठक ने मुसलमानो के पवित्र स्थल काबा शरीफ को एक काला चौकोर बताकर मुसलमानो कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाकर सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने कि कोशिश की है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि शीघ्र अशोक पाठक के विरुद्ध थाने पर मुकदमा दर्ज कर उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही कि जाए।

### सड़क दुर्घटना में चार घायल

**भुसावर ( निस )।** थाना भुसावर क्षेत्र में दो अलग अलग सडक मार्गो पर हुई सडक दुर्घटनाओं में चार से अधिक लोग घायल हो गये। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा भुसावर के इटामडा सडक मार्ग पर दो बाइकों की हुई आमने सामने भिडन्त के बाद बचाने के प्रयास में पास से गुजर रहा ट्रेक्टर चालक अनियंत्रित हो गया और ट्रॉली सडक पर पलट गयी। इस घटना में घायल गॉव इटामडा निवासी हरकेश पुत्र देवी जाति गुर्जर एवं राजसिंह पुत्र धर्मसिंह जाति गुर्जर के साथ साथ अन्य घायलों को भी एम्बूलेंस एवं निजी वाहनों की मदद से भुसावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती करवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में भरतपुर रैफर कर दिया। सूचना मिलते ही भुसावर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और घटना को लेकर जानकारी ली। वहीं दूसरी ओर सरकारी बाग के पास आवारा जानवर को बचाने के प्रयास में बजरी से भरी ट्रैक्ट्रर ट्रॉली सडक किनारे पलट गयी। जिसमें ट्रेक्टर पर सवार गॉव तरगवां निवासी रामकिशन पुत्र कन्हैया जाति माली गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे भुसावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती करवाया गया।

### चौहान की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न

**भरतपुर ( निस )।** प्रदेश व्यापी सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर चल रहे आन्दोलन को लेकर नगर निगम प्रांगण में समाज के वयोवृद्ध नेता जगदीश चौहान की अध्यक्षता में मीटिंग की गई। जिसमें सफाई कर्मचारी भर्ती में आरक्षण समाप्त कर बाल्मीकि समाज को ही भर्ती किया जाये। नगर निगम में कार्यरत गैर बाल्मीकि सफाई कर्मचारियों को अलग जोन पर लगाकर सफाई कार्य ही लिया जाये। मस्टरोल पर भर्ती कर एक वर्ष सफाई कार्य करने वालों को ही स्थायी नियुक्ति दी जाये आदि मांगों को लेकर समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, युनियन के वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जब तक हमारी मांगों पर सरकार द्वारा निर्णय नहीं लिया जाता है, तब तक नगर निगम भरतपुर के समस्त बाल्मीकि सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इसके साथ बैठक में उपस्थित लायन्स कम्पनी में लगे सफाई मजदूरों ने भी सामूहिक अवकाश पर रहकर हड़ताल करने की घोषणा की तथा इस आन्दोलन को सफल बनाने के लिए संगठित होकर भाग लेने का वादा किया। मीटिंग में बाल्मीकि एकता जिंदाबाद, बोल मजदूरा हल्ला बोल कर्मचारी यूनियन जिंदाबाद आदि के नारे लगाकर माहौल को गरमा दिया। इस मौके पर संभागीय अध्यक्ष अनिल लाहौरा, जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान, शहर अध्यक्ष महेश रसलीन, कैलाश सारवान, मुकेश मौर्य, गोपाल चौहान, पवन जादो, हरदेव वैनवाल, बंटी सनगत, रूपगिरि, महेश बाल्मीकि, अनिल सारवान, संजीव डोरवाल, इन्द्रा जमादार, हेमा आदि के अलावा सैंकड़ों समाज के महिला-पुरूष मौजूद थे।

### एरिया डॉमीनेशन अभियान चलाया

**भरतपुर ( निस )।** जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के द्वारा एरिया डोमिनेशन अभियान चलाकर 146 अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में जिले के अधिकारियों व पुलिस कर्मियों की 70 टीमों द्वारा लगभग 240 स्थानों पर दबिश दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर से लेकर कानिस्टेबल स्तर के कुल 287 पुलिस अधिकारी कर्मी विशेष अभियान में शामिल हुए। पुलिस टीमों ने हार्डकोर, हिस्ट्रीशीटर, आदतन अपराधी, ईनामी, वांरटी, स्थाई वांरटी एवं मुकदमों में वाछित चल रहे 73 बदमाशों को गिरफतार कियज्ञ। अवैध शराब में 5 जनों को गिरफतार कर 311 पव्वा अवैध देशी शराब जब्त किये। एनडीपीएस एक्ट में 1 जने को गिरफ्तार कर 6 किलो .70 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया। ऑपरेशन अरावली के तहत अवैध खनन में 2 प्रकरण दर्ज कर 1 जने को गिरफ्तार कर अवैध खनन सहित 4 टैक्टर-ट्रौली व 3 एनएनटी मशीनों को जब्त किया। अन्य एक्ट की कार्यवाही में 7 प्रकरणों को दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। शान्तिभंग में 60 जनों को धारा 170 बीएनएसएस में, सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने पर 12 जनों तथा 4 जने को शराब पीकर वाहन चलाने में गिरफ्तार किया।

### ट्रेनिंग का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 3233 ई 1 का जिला इंस्टॉलेशन, अध्यक्ष सेक्रेटरी कोषाध्यक्ष ट्रेनिंग और कैबिनेट मीटिंग 27 व 28 जुलाई को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में आयोजित होने पर भरतपुर के रीजन चेयर पर्सन लाइन प्रवीण फौजदार के नेतृत्व में भरतपुर के अन्य क्लबों के साथ लायंस क्लब भरतपुर फ्रेंड्स के सदस्य लाइन ओ पी भटनागर, लाइन सुधीर कुमार सिंगल, लाइन अनिल अग्रवाल, लाइन नरेंद्र कुमार गुप्ता, लाइन राजेश गर्ग व लाइन योगेश गोयल ने भाग लिया।

## स्मैक की तस्करी का एक ओर आरोपी गिरफ्तार

**करौली( नि.स. )।** लांगरा थाना पुलिस ने स्मैक की तस्करी के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी के दो साथियों की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी अपने साथियों के साथ बारां, झालावाड़ आदि स्थानों से स्मैक खरीद कर क्षेत्र के गंगापुर, श्रीमहावीरजी, हिंडौन, मासलपुर करौली,धौलपुर में बेचता है।

लांगरा थाना अधिकारी बासुदेव बसवाल ने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार किए दो स्मैक तस्करों से पूछताछ के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एक आरोपी की निशानदेही पर 5 ग्राम से अधिक स्मैक भी बरामद की थी। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक करौली द्वारा असामाजिक तत्वों कि धरपकड़ के लिए क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। थानाधिकारी और उनकी टीम ने एनडीपीएस एक्ट में वांटेड समय सिंह 28 पुत्र मोहर सिंह मीना निवासी भावली थाना मासलपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी को करौली के हाथी घटा क्षेत्र से दस्तयाब कर जांच के बाद गिरफ्तार किया है।आरोपी अपने साथी दूल्हे राम निवासी मासलपुर व शिवराज मीना निवासी बारां से स्मैक कि खरीद फरोख्त कर जिले में सप्लाई करता है।

दूल्हे राम और शिवराज को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी से बड़ी मात्रा में स्मैक बरामद होने की संभावना है। आरोपी समय सिंह कि दूसरे स्मैक तस्करों के साथ कॉल डिटेल और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन डिटेल भी सामने आई हैं।

# राजकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया

**भरतपुर ( निस )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों में समय की पाबन्दी सुनिश्चित करने के लिये जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशन में सोमवार को जिले के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भरतपुर जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर नीरज कुमार मीणा द्वारा जिला कलक्ट्रेट कार्यालय, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर कार्यालय, जिला रसद अधिकारी कार्यालय एवं जिला परिषद ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर उपस्थिति पंजिका की जांच की गई जिसमें 8 अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। अतिरिक्त जिला



कलक्टर शहर श्वेता यादव द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें सभी कर्मचारी उपस्थित पाये गये। सहायक निदेशक लोकसेवाऐं भारती भारद्वाज द्वारा तहसील कार्यालय भरतपुर में किये गये औचक निरीक्षण में 11 एवं जिला परिषद पंचायतीराज प्रकोष्ठ कार्यालय में 6 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। जिला कलक्टर द्वारा अनुपस्थित पाये गये सभी अधिकारी एवं कार्मिकों को नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये हैं।

## समिति की बैठक संपन्न

**करौली( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया के निर्देशानुसार जमालपुर खेड़ा मण्डल कि वृहद् मण्डल कार्यसमिति बैठक गांव रीठौली में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि ललित शर्मा जिला उपाध्यक्ष रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता गीता चौधरी मण्डल अध्यक्ष ने की। बैठक में प्रधानमन्त्री के लगातार तीसरे कार्यकाल एवं राजस्थान सरकार के ऐतिहासिक बजट को लेकर प्रस्ताव पारित हुए। बैठक में प्रमोद शर्मा एडवोकेट मण्डल महामन्त्री ने राजस्थान सरकार के बजट के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश पाठक,सत्येन्द्र चौधरी,अल्पसंख्यक मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष सलीम अली, शक्तिकेन्द्र संयोजक सुरेश सैनी, कंकेश, शाहिद, सलमान, तेजसिंह, राकेश,लखन प्रताप, रोहित, प्रेमचंद उपस्थित रहे।

# चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** लोहागढ़ विकास परिषद् के तत्वावधान में डॉ.दाऊदयाल गुप्ता स्मृति चित्रकला की फोलोअप स्पर्धा के तहत लाला ओमप्रकाश गर्ग स्मृति ट्रस्ट द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भरतपुर स्थापना दिवस कार्यक्रम संयोजक एवं ट्रस्ट अध्यक्ष अनुराग गर्ग ने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रधानमंत्री के मन की बात प्रोग्राम से चर्चा में आए कमल मीणा के लोहागढ़ ऑर्गनिक फार्म हाउस पना में उपखण्ड अधिकारी उच्चैन के विष्णु बंसल के मुख्य आतिथ्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिराज सिंह शेखावत के विशिष्ट आतिथ्य एवं ट्रस्ट संरक्षिका सरोज गर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। लाला ओमप्रकाश गर्ग की पुण्य तिथि पर उपस्थित परिवारी जनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महेश गर्ग, त्रिलोक चंद एवं अन्य वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समाज का सच्चा हितैषी, मृदुभाषी एवं परिवार का मार्गदर्शक बताकर उनके द्वारा प्रशस्त मार्ग को अनुकरणीय बताया। चित्रकला प्रतियोगिता संयोजक प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि चित्रकला दो वर्गों में आयोजित की गई। जिसमें कुल सत्रह बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता से पूर्व प्रतिभागियों को जैविक फार्म हाउस का भ्रमण करा कर आर्गेनिक कृषि की विस्तृत जानकारी प्रदान कर फार्म हाउस से संबंधित ही चित्र बनाने के लिए निर्देशित किया। सह-संयोजक नरेन्द्र निर्मल ने बताया कि सीनियर वर्ग में वंश प्रथम, नकुल शर्मा द्वितीय एवं अनुष्का अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं जूनियर वर्ग में रुद्रांश प्रथम, प्रणिका द्वितीय एवं खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन कर रहे लोहागढ़ विकास परिषद् जिला समन्वयक योगेश शर्मा ने परिषद् द्वारा भरतपुर स्थापना दिवस के सात दिवसीय कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देकर स्मारिका का वितरण किया। मौम्स क्लब अध्यक्षा ऋतु गर्ग ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं फार्म हाउस में निर्मित दीपक एवं स्मृति चिह्न प्रदान किये तो वहीं विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किये गये। इस अवसर पर ब्रजेश अग्रवाल, डॉ रविन्द्र कुंतल आदि गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## आरोपी गिरफ्तार

**नदबई ( निस )।** लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव परसवारा में शादी के छह दिन बाद ही अपने पति सहित ससुरालजनों को खाने में बेहोशी की दवा देकर करीब डेढ़ लाख रूपये नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण लेकर दुल्हन को फरार होने के मामलें में लखनपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लुटेरी दुल्हन के भाई सहित एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों आरोपियों को पुलिस रिमाण्ड पर भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार यूपी बदायू उझानी थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी नवीन जाटव पुत्र गंगाशरण व नई दिल्ली भलस्वा थाना क्षेत्र के गांव मुकुन्दपुर बुद्धवारी निवासी शहनाबाज पुत्र मौहम्मद रजा को आगरा जयपुर राजमार्ग पर स्थित बांसी बस स्टेण्ड से हिरासत में लिया।

## सफाई कर्मचारियों की भर्ती को समझौता अनुसार कराने की मांग

**करौली( नि.स. )।** अखिल राजस्थान सफाई मजदूर कांग्रेस करौली के पदाधिकारीयो ने नगर परिषद आयुक्त के नाम का अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर गत 15 मार्च को हुए समझौते के अनुसार सफाई कर्मचारियों कि भर्ती करवाने कि मांग की है।

सफाई मजदूर कांग्रेस के ट्विंकल,सोनू,राजू,दिलीप, लक्ष्मी, संतोष, माया, सरोज आदि लोगों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि बाल्मिक सफाई कर्मचारी श्रमिक संघ की न्यायोचित मांगों का समर्थन करते हुए हम सफाई कर्मचारी नगर परिषद करौली के सामूहिक अवकाश पर चलते हुए कार्य का बहिष्कार कर रहे हैं एवं सफाई कर्मचारी भर्ती 15 मार्च 2024 को हुए समझौते के अनुसार सफाई कर्मचारियों कि भर्ती की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि संयुक्त बाल्मीकि सफाई श्रमिक संघ के आव्हान पर 23 जनवरी 2024 को समझौता समिति की बैठक आयोजित की गई थी

बैठक राजस्थान सरकार प्रतिनिधि के मध्य 1 वर्ष तक जो सफाई का कार्य करेगा उन्हें ही नियुक्ति दी जाएगी

हमारे राज्य स्तरीय नेताओं के आव्हान पर हम समस्त सफाई कर्मचारी करौली नगर परिषद के कार्य बहिष्कार कर रहे हैं।

# जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** स्वाधीनता दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह को धूमधाम से मनाये जाने के लिए की जाने वाली तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। जिला कलक्टर ने कहा कि स्वाधीनता दिवस को जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय पर्व स्वाधीनता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के सम्बंध में दी गयी जिम्मेदारियों को समय पर पूर्ण करें।

उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि वर्षा के मौसम को मद्देनजर रखते हुए मुख्य समारोह स्थल पर जलभराव की निकासी, मिट्टी का भराव एवं अन्य प्रकार की समस्त तैयारियां पूर्व में करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कार्मिकों, खिलाड़ियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शिक्षा में मैरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु आवेदन समय पर आवश्यक रूप से भिजवायें। उन्होंने स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की चयन समिति को आवश्यक निर्देश प्रदान किये। बैठक में अतिरिक्त कलक्टर शहर श्वेता यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 14 एवं 15 अगस्त को प्रमुख चौराहों, ऐतिहासिक दरवाजों एवं मुख्य भवनों पर रंगीन एवं आकर्षक रोशनी की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जायेगी तथा रंगोली की व्यवस्था भारत स्काउट गाइड द्वारा की जायेगी। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वाधीनता दिवस के अवसर पर भरतपुर शहर की विशेष सफाई व्यवस्था के लिए अभियान चलायें जिससे शहर स्वच्छ एवं सुन्दर दिखाई दे सके।



स्वाधीनता दिवस की तैयारियों के संबंध में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की

उन्होंने मुख्य समारोह स्थल पर स्टेज, बैठक व्यवस्था, शामियाने की व्यवस्था एवं साउण्ड की व्यवस्था सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने हेतु बीईएसएल के अधिकारियों को निर्देश दिये तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एम्बूलेंस मय चिकित्सा दल एवं जीवनरक्षक दवाओं के साथ कार्यक्रम स्थल पर रखने के निर्देश दिये।

बैठक में अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन नीरज कुमार मीना, यूआईटी सचिव ऋषभ मण्डल, नगर निगम आयुक्त रिछपाल सिंह बुरडक, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम भरतपुर रवि कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर सहित अन्य सम्बंधित जिला स्तरीय विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जगदीश प्रसाद बने सूरौठ तहसील अध्यक्ष

**सूरौठ ।** तहसील के समीपवर्ती ग्राम ढिंढोरा शिव धर्म कांटे पर राजस्थान नाथ समाज की मीटिंग आयोजित हुई, जिसमें तहसील अध्यक्ष का चुनाव हुआ, तहसील अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध जगदीश योगी ढिंढोरा वालों को चुना गया।सूरौठ तहसील के चौदह गांवों में नाथ समाज निवास करती हैं ,।उन चौदह गांवों के काफी संख्या में समाज बन्धु मौजूद रहे, राजस्थान नाथ समाज के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष दरब सिंह योगी सूरौठ , करौली जिला अध्यक्ष राजेंद्र योगी एवं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ योगी ने जगदीश एवं उनकी कार्यकारिणी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ,समाज की शिक्षा हेतु सूरौठ तहसील मुख्यालय पर छात्रावास हेतु चर्चा हुई एवं समाधि स्थलो के सरंक्षण हेतु विचार विमर्श हुआ।।गोरख धंधा शब्द का उपयोग अनैतिक कार्य से जोड़ा जाता है उसका कडा विरोध करते हुए निकट भविष्य में कार्यवाही हेतु रणनीति बनाई तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद ढिंढोरा, तहसील वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूरन सूरौठ, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जटवाड़ा,सचिव मिश्रिलाल फोजी रीझवास, मीडिया प्रभारी भूरसिंह खिजूरी, उपसचिव चंदर लाल तहारपुर, संरक्षक सदस्य सुगरसिंह तहारपुर, कोषाध्यक्ष तस्वीर सिंह हुक्मीखेडा,व कार्यकर्ता समय सिंह, रगनाथ, चन्दर जितेन्द्र हंसा दीपानाथ प्यारेलाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, एईएन और जेटीए को कारण बताओ नोटिस जारी

**हिंडौन सिटी।** पंचायत समिति हिंडौन की ग्राम पंचायत कैलाश नगर में इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण के नाम पर 10 लाख रुपए के गबन के मामले में दोषी जनप्रतिनिधि और अधिकारियो से वसूली की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। पंचायत समिति के विकास अधिकारी ऋषि राज मीना ने अब पंचायत के सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी समेत चार कार्मिको को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाब तलब किए है।

साथ ही आनुपातिक राशि की वसूली के लिए भी चेताया है जानकारी के अनुसार ग्रामीणों की शिकायत पर पंचायती राज विभाग की ओर से कराई गई जांच में जांच दल ने ग्राम पंचायत सरपंच रामदेई, ग्राम विकास अधिकारी कुलदीप डागुर, कनिष्ठ तकनीकी सहायक आकाश गुप्ता और सहायक अभियंता रामचंद्र सोनी को उत्तरदाई माना था, जांच टीम ने चारों को दोषी मानते हुए यह स्पष्ट किया कि जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण यही कार्यकारी संस्था को वित्तीय लाभ अनुचित तरीके से पहुंचाया गया, जो घोर अनियमितता की श्रेणी में आता है। इसी के तहत आनुपातिक वसूली करने तथा करने की सिफारिश भी की है। विकास अधिकारी ने नोटिस में बताया कि अगर 3 दिन में संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दिया तो सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, तकनीकी

**■ पंचायत समिति हिंडौन की ग्राम पंचायत कैलाश नगर में इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण के नाम पर 10 लाख रुपए के गबन के मामले में दोषी जनप्रतिनिधि और अधिकारियो से वसूली प्रक्रिया प्रारम्भ की**

सहायक और सहायक अभियंता के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई तो की ही जाएगी साथ ही अनुपातिक रूप से वसूली की प्रक्रिया भी की जाएगी।

गौरतलब है कि कैलाश नगर ग्राम पंचायत में हिंडौन बाईपास रोड से चिरमोली का पुरा होते हुए रेखसिंह के पुरा की ओर 10 लाख रूपये के बजट से इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का निर्माण कराया जाना था, इसके 8 सितंबर 2023 को वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई, लेकिन ग्राम पंचायत सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी ने मिली भगत कर तय स्थान के अलावा दूसरे स्थान पर सड़क निर्माण कर दिया गया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत हिंडौन के उप जिला कलेक्टर से की। इसके बाद पंचायत समिति के विकास अधिकारी ऋषिराज मीणा, सहायक अभियंता संजीव शर्मा एवं सहायक विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह गुर्जर को शामिल करते हुए जांच टीम गठित की गई। जांच टीम ने 15 मार्च को ही अपनी रिपोर्ट और सिफारिश उच्च अधिकारियों को पेश कर दी, जांचदल ने अपनी जांच रिपोर्ट में पाया था कि 18 मार्च 2023 की वित्तीय स्वीकृति के मुताबिक स्वीकृत 10 लाख रुपए की राशि से बाईपास से चिरमोली का पूरा होते हुए रेख सिंह का पूरा तक के नाम से इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण करना था, इसके विपरीत ग्राम पंचायत की ओर से बाईपास सड़क से रेख सिंह के पूरा की ओर सड़क निर्माण कर दिया, जबकि चिरमोली का पूरा सड़क नहीं बनाई गई। जबकि खास बात यह है कि चिरमोली का पूरा से रेख सिंह का पूरा तक का रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज भी नहीं है। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में यह माना कि जो रास्ता बनाया गया है वह तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति के अनुरूप नहीं बनाकर अन्य स्थान पर बनाया गया है, इसलिए कार्यकारी संस्था यानी कैलाश नगर ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, तकनीकी पर्यवेक्षक, कनिष्ठ तकनीकी सहायक और सहायक अभियंता इसके लिए पूरी तरह से उत्तरदाई है।